# CURRENT AFFAIRS

MPPSC PRELIMS Special

# भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी

## चर्चा में क्यों?

- भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में आईआईटी बॉम्बे में कैंसर के लिए भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी लॉन्च की।
- उपचार की यह श्रृंखला, जिसका नाम "सीएआर-टी सेल थेरेपी" है।

## जीन थेरेपी

जीन थेरेपी एक कैंसर सेल थेरेपी का प्रकार जिसमें शोधकर्ता प्रतिरक्षा कोशिकाओं या कैंसर कोशिकाओं के डीएनए और आनुवंशिक गतिविधि को संशोधित करते हैं। शोधकर्ता विभिन्न प्रकार के ट्यूमर के ट्यूमर माइक्रोएन्वायरमेंट की अतिरिक्त जांच कर रहे हैं ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि वे कैसे बनते हैं और कैंसर कोशिकाओं को स्वस्थ ऊतकों से कैसे अलग करते हैं।


Subscribe Kautilya Academy YouTube Channel

GET IT ON Google Play

# CURRENT AFFAIRS

MPPSC PRELIMS Special

## भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी





Subscribe Kautilya Academy YouTube Channel

GET IT ON Google Play

# भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी

## T-सेल:

- T-कोशिकाएँ, जिन्हें T-सेल लिम्फोसाइट्स के रूप में भी जाना जाता है, एक प्रकार की श्वेत रक्त कोशिकाएँ हैं जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं।
- T-कोशिकाएँ कोशिका-मध्यस्थ प्रतिरक्षा में शामिल होती हैं, जिसका अर्थ है कि वे शरीर को विदेशी तत्वों, जैसे- वायरस, बैक्टीरिया और कैंसर कोशिकाओं जैसे असामान्य कोशिकाओं को पहचानने तथा प्रतिक्रिया प्रदान करने में मदद करती हैं।
- T-कोशिकाएँ प्रमुखतः दो प्रकार की होती हैं: हेल्पर T-सेल और साइटोटॉक्सिक T-सेल।




Subscribe Kautilya Academy YouTube Channel

GET IT ON Google Play

CURRENT AFFAIRS

MPPSC PRELIMS Special

# अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत-चीन में विवाद

- भारत के राज्य अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन लगातार विवाद करता रहता है।
- चीन ने हाल में अरुणाचल के 30 स्थानों के नामों को बदला है, और चीन अरुणाचल प्रदेश को 'दक्षिण तिब्बत' मानते हुए इस पर अपना दावा करता रहा है।

## वास्तविक नियंलण रेखा (LAC)

- वास्तविक नियंलण रेखा (LAC) दोनों देशों के बीच विभाजन रेखा है।
- भारत और चीन के बीच सीमा का औपचारिक रूप से सीमांकन नहीं किया गया है।
- दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से सहमति आधारित LAC भी नहीं है।
- भारत के अनुसार LAC की लंबाई 3,488 कि. मी. है, जबकि चीन इसे लगभग 2,000 कि.मी. ही मानता है।

Subscribe Kautilya Academy YouTube Channel

GET IT ON Google Play

# CURRENT AFFAIRS

MPPSC PRELIMS Special

# अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत-चीन में विवाद

## LAC के तीन सेक्टर्स

- वेस्टर्न सेक्टर (लद्दाख);-भारत 1865 में निर्धारित जॉनसन लाइन को सीमा मानता है।
- वही चीन 1893 में निर्धारित मैकडॉनल्ड लाइन को वास्तविक सीमा मानता है।
- मिडिल सेक्टर (हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड): इस सेक्टर में में मामूली विवाद है।
- ईस्टर्न सेक्टर (अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम): चीन यह दावा करता है कि अरुणाचल प्रदेश तिब्बती स्वायत्त क्षेत्र का हिस्सा है।

Subscribe Kautilya Academy YouTube Channel

GET IT ON Google Play

# CURRENT AFFAIRS

MPPSC PRELIMS Special

## अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत-चीन में विवाद

### प्रमुख विवाद समाधान पहल

- 1993: LAC पर शांति और स्थिरता के रखरखाव पर समझौता।
- 1996: LAC पर सैन्य क्षेत्र में विश्वास निर्माण उपायों पर समझौता।
- 2013: सीमा रक्षा सहयोग समझौता।



Subscribe Kautilya Academy YouTube Channel

GET IT ON Google Play

# CURRENT AFFAIRS

MPPSC PRELIMS Special

## पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

- पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह 33 साल बाद आज राज्यसभा से रिटायर हुए।
- राज्यसभा से कुल 54 सांसदों का कार्यकाल इस वर्ष अप्रैल में खत्म हो रहा है। इनमें से 49 सांसद 2 अप्रैल को ही सदन से रिटायर हुए थे जबकि मनमोहन सिंह सहित 5 सांसदों का कार्यकाल (3 अप्रैल) समाप्त हुआ।

## डॉ मनमोहन सिंह के बारे में:

- मनमोहन सिंह का जन्म 27 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब के गाह (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता का नाम गुरुमुख सिंह और मां का नाम अमृत कौर था।
- देश के विभाजन के बाद उनका परिवार भारत चला आया। यहां पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने ग्रेजुऐशन और PG पूरा किया। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से Ph.D और ऑक्सफोर्ड से डी. फिल भी की।
- मनमोहन सिंह पंजाब विश्वविद्यालय और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में प्रोफेसर रहे। 1966-1969 के दौरान संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के लिए आर्थिक मामलों के अधिकारी के रूप में चुने गए थे।

Subscribe Kautilya Academy YouTube Channel

GET IT ON Google Play

# CURRENT AFFAIRS

MPPSC PRELIMS Special

# पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

## डॉ मनमोहन सिंह के बारे में:

- 1971 में मनमोहन को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किया गया। 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया।
- इसके बाद वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, 1982 से 1985 तक रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान (UGC) आयोग के अध्यक्ष भी रहे।
- 1991 में असम से राज्यसभा सदस्य चुने गए। इसके बाद वह साल 1995, 2001, 2007 और 2013 में फिर राज्यसभा सदस्य रहे।
- 1998 से 2004 तक जब भाजपा सत्ता में थी, तब वही राज्यसभा में विपक्ष के नेता थे। 1999 में उन्होंने दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन भाजपा के विजय कुमार मल्होत्रा से हार गए।
- 1991 से 1996 तक प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव सरकार में वित्तमंत्री रहे। 2004 और 2009 में 10 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे।

Subscribe Kautilya Academy YouTube Channel

GET IT ON Google Play

# CURRENT AFFAIRS

MPPSC PRELIMS Special

# पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

## डॉ मनमोहन सिंह के बारे में:

- 2009 में मिली जीत के बाद वे जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने, जिन्हें 5 साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार पीएम बनने का मौका मिला।
- मनमोहन भारत के दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान पद्म विभूषण (1987), वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वित्तमंत्री के लिए एशिया मनी अवॉर्ड (1993 और 1994) और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी अवॉर्ड (1993) से नवाजे जा चुके हैं।



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह 33 साल बाद आज राज्यसभा से रिटायर हुए।

Subscribe Kautilya Academy YouTube Channel

GET IT ON Google Play